श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र , नई दिल्ली- १६

अति-आवश्यक

क्रमांक एफ 3/ला.ब.शा./शै0/2021-22/227 दिनांक: 01.07.2021

कार्यालय सूचना

कोविड-2019 महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों को संज्ञान में रखते हुये विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों तथा दिनांक 20.04.2021 को आयोजित विद्या परिषद् की तृतीय की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार (विशिष्टाचार्य) एम.फिल. एवं (विद्यावारिधि) पीएच.डी. पाठ्यक्रम के शोध छात्र/छात्राओं जिनका पाठ्यक्रम पूर्ण करने हेतु अधिकतम समय अवधि लॉकडाउन लागू होने के समय में समाप्त हो गई थी तथा सम्बन्धित शोध छात्र/छात्रा अपना लघु शोध प्रबन्ध/शोध प्रबन्ध जमा नहीं करवा सके, उन्हें निर्धारित समय अवधि की तिथि से छः माह की समय वृद्धि दिनांक 31.12.2021 तक की स्वीकृति प्रदान की गई है ।

विद्या परिषद् द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में सम्बन्धित शोध छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वे छः माह की समय वृद्धि के भीतर निर्धारित औपचारिकताओं को पूर्ण कर अपना लघु शोध प्रबन्ध/शोध प्रबन्ध शैक्षणिक विभाग में अग्रिम कार्यवाही हेतु जमा करवाने का कष्ट करें, ताकि प्राप्त लघु शोध प्रबन्ध/शोध प्रबन्ध अग्रिम कार्यवाही हेतु परीक्षा विभाग को प्रेषित किया जा सके ।

यह सूचना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से जारी की जा रही है ।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)